# नाबालिग की आशा कार्यकर्ता पद पर फर्जी नियुक्ति

## मामले की स्वास्थ्य विभाग में हुई लिखित रूप से शिकायत

**नवभारत न्यूज**
**टीकमगढ़ 29 सितम्बर.** स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति में हुए फर्जीवाड़े का मामला उजागर हुआ है। यहां तत्कालीन स्वास्थ्य अधिकारी ने नाबालिग महिला को आशा कार्यकर्ता बना डाला। अब मामले की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग जांच की बात कर रहा है।





**▸ आरटीआई में उजागर हुए नियुक्ति के कागज**

दरअसल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमों के अनुसार आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति 18 वर्ष से कम उम्र में नहीं की जा सकती, लेकिन टीकमगढ़ में वर्ष 2017 में तत्कालीन जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय ने एक नाबालिग की नियुक्ति करके उसे नौकरी पर लगा दिया। अब मामले की शिकायत सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला जांच की बात कर रहा है।

वर्ष 2017 में जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें 13 आशा कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां की गई थी। इसी में एक नाबालिग को आशा कार्यकर्ता बना दिया गया था। श्रीमती वर्षा राय के आदेश में 12 नंबर पर अंकित गोपालपुरा निवासी श्रीमती साधना कुम्हार को आशा कार्यकर्ता बनाया गया है, जबकि वर्ष 2017 में उनकी उम्र 18 वर्ष नहीं हुई थी। उस समय उसकी उम्र सिर्फ 16 वर्ष की ही थी। आरटीआई में सामने आई जानकारी में यह स्पष्ट हुआ है कि श्रीमती साधना का जन्म 11 मार्च 2001 में हुआ था। जब उनकी उम्र कम थी, तो तत्कालीन जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती वर्षा राय ने इनके दस्तावेजों को जांचे बिना ही फर्जी तरीके से नियुक्ति कर डाली। इस मामले में जिला स्वास्थ्य अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई गई है कि 31 मार्च 2017 को आदेश क्रमांक आशा/2017/4020-21 के अंतर्गत समय के मुख्य चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वर्षा राय द्वारा श्रीमती साधना कुम्हार पत्नी हरि कुम्हार को आशा कार्यकर्ता बनाया गया है। शिकायत में आगे कहा है गया है कि यह नियुक्ति महिला की नाबालिग अवस्था में की गई है। शिकायतकर्ता ने शिकायत के साथ लाभार्थी श्रीमती साधना की पांचवी एवं आठवी की अंकसूची भी संलिप्त की है, जिसमें उनकी जन्मतिथि का हवाला दिया गया है। इन दोनों अंकसूचियों में श्रीमती साधना की जन्मति 11 मार्च 2001 अंकित है।

इस आधार पर जब श्रीमती साधना को आशा कार्यकर्ता बनाया गया था, तब उनकी उम्र 16 साल 2 माह थी। जबकि नियम के अनुसार आशा कार्यकर्ता पद हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना आवश्यक है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस नियुक्ति में लाखों रुपए का लेनदेन हुआ है। शिकायतकर्ता ने इस मामले की तथ्यों के आधार पर जांच की मांग करते हुए कहा है कि इस फर्जीवाड़े में नियुक्ति पाने वाली आशा कार्यकर्ता श्रीमती साधना कुमारी को तत्काल पद से हटाया जाए।

**पूरे मामले की जांच कराकर कार्यवाही की मांग**

इस पूरे मामले की जांच कराकर शिकायतकर्ता ने कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को इस मामले को संज्ञान में लेना चाहिए, जिससे ऐसे फर्जीवाड़े में लिप्त लोगों को सजा मिल सके। शिकायत करने वाले व्यक्ति ने कहा है कि फर्जी आशा कार्यकर्ता की नियुक्ति निरस्त होने के साथ दोषियों पर दण्डात्मक कार्यवाही कराई जाए, जिससे आगे से कोई ऐसा फर्जीवाड़ा कर लोगों का हक न खा सके। क्योंकि इस मामले में नियुक्ति कराकर किसी दूसरे के हक पर डांका डाला गया है।

# बेलगाम कार की रफ्तार ने ली एक की जान

## ढोलखेड़ी के पास हुआ हादसा, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 29 सितम्बर, सड़क हादसों को कम करने के लिये यातायात पुलिस भले ही बड़े स्तर पर अभियान चलाकर हादसों को कम करने का दावा कर रही हो लेकिन हकीकत इसके उलट है.हाइवे और स्टेट हाइवे पर बेलगाम वाहनों की रफ्तार लोगों की जान ले रही है.**



ऐसा ही एक दर्दनाक हादसा सोमवार को ढोलखेड़ी के पास हुआ जिसमें तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी.हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुयी है.पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है. वहीं दूसरी तरफ पुलिस हाइवे पर तेज रफ्तार चलने वाले वाहनों पर बड़े पैमाने में चालानी कार्यवाही कर जुर्माना ठोक रही है. इसके बावजूद आये दिन ऐसे हादसे सामने आ रहे हैं.

ढोल खेड़ी के पास एक सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई. मृतक की पहचान करारिया के रुसल्ली गांव निवासी 40 वर्षीय विजय लोधी के रूप में हुई है.जानकारी के अनुसार विजय लोधी अपनी बाइक से पूजन सामग्री लेकर गांव जा रहे थे. इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.विजय लोधी लकड़ी का काम करते थे और अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गए हैं.स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना.हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी.

## बेमौसम बरसात से किसान परेशान

**बीना 29 सितंबर.** इन दिनों क्षेत्र के किसान बेमौसम आफत की बारिश से परेशान हैं. पहले अतिवृष्टि हुई जिसके कारण इस बार पैदावार पर भी काफी असर आया है एक और जहां किसान खाद की समस्या से जूझ रहे. अन्नदाताओं पर मौसम की मार ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. जानकारी के अनुसार अनुमान है कि इस बेमौसम बारिश से क्षेत्र के 80 प्रतिशत किसानों को नुकसान हुआ है. कई किसानों की खेतों में फसल कटकर डाली हुई थी,जो बारिश के कारण भीग गई कई किसानों की फसलें खड़ी हैं, जिन्हें बारिश से नुकसान पहुंचा है. खाद की किल्लत से पहले ही जूझ रहे किसानों पर मौसम की इस मार ने अतिरिक्त बोझ डाल दिया है.

# नदी से मिला शव, हत्या की आशंका जताई

**नवभारत न्यूज**
**पचोर 29 सितम्बर.** सोमवार सुबह पचोर में नेवज नदी के स्टॉपडेम के यहां से पचोर निवासी एक युवती का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई. युवती तीन दिन से लापता थी जिसकी परिजनों द्वारा तलाश की जा रही थी. परिजनों ने युवती की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है. घटना से नगर में तनाव का वातावरण निर्मित हो गया. सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने जिले के अन्य थानो से पुलिस बल पचोर बुलाया गया.

बाजार बंद कराया सूचना लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे. परिजनों का आरोप है कि युवती के साथ ज्यादती कर उसकी हत्या की गई है. जानकारी लगने पर हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता एकत्रित हो गए. परिजनो ने पी एम फार्म पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर दिया आरोपियों के

**▸ सुरक्षा के मद्देनजर आसपास का अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया**

मकान तोड़ने की मांग करने लगे. थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया ओर तहसीलदार आनंद जायसवाल ने परिजनो से बात की और पीएम करवाया. मामला की गंभीरता को देखते हुए सारंगपुर, ब्यावरा, तेलन, करनवास थानो से पुलिस बल बुलाया गया. देखते ही देखते कुछ समय के लिए तनाव का वातावरण निर्मित हो गया. आरोपियों गिरफ्तार कर उनके मकान तोड़ने की मांग के साथ रैली निकालकर बाजार बंद करवाने लगे. पुराना बस स्टेंड, गांधी चौक, मंडी रोड, बस स्टेंड आदि क्षेत्र में बाजार बंद करवा दिया तथा लोग थाने के बाहर बैठ गये. परिजनो ने शव लेने से इनकार कर दिया और कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी हम अंतिम संस्कार नहीं करेंगे. पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने चर्चा की. उनके द्वारा तीन दिन का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन युवती के अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए. करीब 4 घंटे बाद परिजन माने.

# कट्टा दिखाकर बुजुर्ग महिला से सोने-चांदी के गहने लूटे

**विदिशा 29 सितम्बर.** कोतवाली थाना क्षेत्र बजरिया हनुमान मंदिर रोड तोपपुरा इलाके में एक चौकसे परिवार के घर में बुजुर्ग महिला से सोने चांदी के जेवर लूट का मामला सामने आया है. घटना रविवार रात की है. दो आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर महिला से सोने चांदी के जेवर लूट लिए और फरार हो गए.

घटना के वक्त महिला और उनके पति घर में मौजूद थे. महिला गीता बाई चौकसे घर में थी उनके पति आगे के कमरे में सो रहे थे. पीड़ित बुजुर्ग महिला ने बताया कि दो लोग घर में आए और बंदूक दिखाकर जेवर मांगने लगे, उन्होंने पिस्टल से भेजा उड़ने की धमकी दी। उनमें से एक बदमाश नकाब बांधकर आया था. जिसकी दाढ़ी दिखाई दे रही थी.आरोपियों ने अलमारी से जेवर निकलवाए , उनके गले का मंगलसूत्र और कान के जेवर निकलवाए और भाग गए, गीता बाई के पुत्र निलेश चौकसे घर के बाहर पड़ोसी के पास ही बैठे हुए थे, चीख पुकार सुनकर वह घर के अंदर दौड़े जहां उन्हें लूट की घटना का पता चला. निलेश चौकसे ने बताया कि उनके घर से करीब 4 किलो चांदी और 7 से 8 तोला सोना गायब है.

# साल भर से पानी के लिए हो रही जद्दोजहद

**राजगढ़ 29 सितम्बर.** नगर के वार्ड 14 स्थित शिक्षक कालोनी एवं गायत्री कॉलोनी के रहवासियों को बीते एक साल से पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना

**▸ पॉश कॉलोनियों में पेयजल सप्लाई अव्यवस्थित**
**▸ पेयजल सप्लाई का नहीं कोई निर्धारित समय**

करना पड़ रहा है. नपा के जिम्मेदारों को कई बार अपनी परेशानी से अवगत कराने के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल पाया है. यहां पर तकनीकि खामियों व अन्य कारणों के चलते रहवासियों को पेयजल समय पर नहीं मिल पा रहा है.

विदित है कि यह कॉलोनी नगर की पॉश कॉलोनियों में शामिल है. इन दोनों कॉलोनियों के रहवासियों का कहना है कि एक वर्ष से पानी की समस्या का निराकरण नहीं हो सका है. बार-बार नगर पालिका में शिकायत के बाद भी पेयजल से जुड़ी समस्या का कोई निकाल नहीं हो सका है. सोमवार को कॉलोनी के रहवासी आर एस अग्रवाल, एस के व्यास, राधेश्याम विजयवर्गीय, सपन विजय, महेंद्र सक्सेना, मनोज सेंगर, रंजन कौशिक, प्रवीण सक्सेना, लोकेश शर्मा, ईशान शर्मा, सुरेश शर्मा आदि ने नवभारत को बताया कि पेयजल सप्लाई न तो समय पर होती है और न ही नियमित रुप से हो रही है. यह भी तय नहीं है कि सप्लाई कितनी देर तक होगी. साथ ही दोपहर के समय पेयजल सप्लाई की जाती है. दोपहर 12 या 1 बजे सप्लाई की जाती है जबकि यह ऐसा समय है जब लोग अपने कामकाज के लिए बाहर चले जाते है. सप्लाई सुबह के समय दी जाये तो इससे काफी सुविधा होगी. साथ ही सप्लाई का समय 40 से 50 मिनिट हो. रहवासियों का यह भी कहना है कि जिम्मेदारों द्वारा पेयजल सप्लाई को लेकर सही जानकारी तक नहीं दी जाती है कि कब सप्लाई होगी.

**रोजाना समय पर नहीं सप्लाई**

उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 14 के तहत गायत्री कॉलोनी और शिक्षक कॉलोनी नगर की पुरानी कॉलोनियों के रुप में स्थापित है. यहां पानी की सप्लाई परेड ग्राउंड के पास स्थित पीएचई स्टोर में बने ओवर हेड टैंक से की जाती है. रहवासियों का कहना है कि लगभग एक साल से पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. रोजाना एवं समय पर पेयजल सप्लाई नहीं होती है. जिम्मेदारों द्वारा पेयजल सप्लाई को लेकर सही जानकारी तक नहीं दी जाती है कि कब सप्लाई होगी.

# निजी स्वार्थ के लिए विपक्ष की गोद में बैठे भाजपाई

## जनता के साथ छल करने वाले पार्षद हुए बेनकाब

**नवभारत न्यूज**
**गुना 29 सितम्बर.** नगर पालिका परिषद गुना में हुए हालिया घटनाक्रम ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। परिषद की बैठक में जहां कांग्रेस पार्षदों से विरोध की उम्मीद थी, वहीं भाजपा के कुछ पार्षद भी विपक्ष की गोद में बैठकर अपनी ही पार्टी और शहर के विकास प्रस्तावों को ठुकराते नजर आए।

इस पर नाराजगी जताते हुए नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने दो टूक कहा है कि चाहे विरोध कितना भी हो, गुना का विकास किसी कीमत पर रुकने नहीं दूंगी। बैठक में नपाध्यक्ष ने नानाखेड़ी मंडी गेट से जीजी बस स्टैंड तक एबी रोड के डामरीकरण और रेलवे स्टेशन पर शुद्ध पेयजल व्यवस्था जैसे दो बड़े प्रस्ताव रखे। लेकिन कांग्रेस के साथ भाजपा के कुछ पार्षदों ने भी इन पर असहमति जताते हुए प्रस्ताव गिरा दिए। हैरानी की बात यह रही कि जब शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली परियोजनाओं का विरोध किया गया, उसी समय अपने-अपने वार्डों के निर्माण कार्यों को मंजूरी दिलाने में इन पार्षदों ने कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई।

**विकास कार्य हर हाल में पूरे होंगे**




नपाध्यक्ष ने जनता से साफ वादा किया कि शहर के विकास कार्य किसी कीमत पर रुकने नहीं दिए जाएंगे। एबी रोड का डामरीकरण और रेलवे स्टेशन पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हर हाल में कराई जाएगी। अगर परिषद में विरोध होगा तो शासन से सीधे मंजूरी लेकर काम पूरे कराए जाएंगे।

## समय सीमा में निराकरण नहीं करने पर सचिवों पर जुर्माना

**सागर 29 सितंबर.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी.आर. के आदेशानुसार, अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर विभिन्न ग्राम पंचायतों के सचिवों पर जुर्माना लगाया है. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से जारी जुर्माना आदेश के अनुसार जनपद पंचायत बंडा के सतीश तिवारी सचिव, ग्राम पंचायत कार्यालय ग्राम पंचायत बिहारीपुरा जनपद सागर, जितेंद्र राजपूत, सचिव, ग्राम पंचायत सरखडी जैसीनगर, संतोष तिवारी, सचिव, ग्राम पंचायतचकेरी जैसीनगर शामिल है.

# शरारती तत्वों ने मंदिर पर फेंकी मछली

**नवभारत न्यूज**
**आष्टा 29 सितंबर. नवरात्रि पर्व के अवसर पर जहां नगर में भक्तिमय माहौल बना हुआ है. वहीं कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई.**

नगर के खेड़ापति तालाब मार्ग पर स्थित प्राचीन खोकरा माता मंदिर के बाहर सोमवार की सुबह मंदिर पुजारी जब पहुंचे तो उन्होंने मंदिर प्रांगण में चारों ओर मछली फैली हुई देखी. घटना की जानकारी तुरंत खेड़ापति मंदिर पुजारी को दी गई. सूचना मिलते ही हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. उपस्थित लोगों ने देखा कि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के तार भी काटे गए हैं और बाहर मछलियां पड़ी हुई हैं. घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराया गया. अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की.

## एक नजर में



### सड़क पर पलटा कंटेनर

**सुठालिया .** बीती रात्रि को ब्यावरा- सिरोंज मार्ग पर पार्वती नदी के निकट लाछोनी गांव के यहां एक सीमेंट से भरा कंटेनर सड़क के बीचों बीच पलटने से रास्ता पूरी तरह बंद हो गया. जानकारी के अनुसार रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि करीब 2 बजे पार्वती नदी के निकट लाछोनी गांव के यहां एक सीमेंट से भरा कंटेनर पलट कर सड़क पर आड़ा हो गया. बताया जाता है कि कंटेनर के आगे सड़क पर गौवंश बैठी हुई थी. जैसे ही ड्राइवर ने सड़क पर गौवंश को देखा तो हड़बड़ी में लंबा टर्न लेने में कंटेनर पलट गया. किसी को कोई चोट नहीं आई. सोमवार सायंकाल तक रोड जाम रहने से दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई. यात्री बसों को मार्ग परिवर्तन कर मधुसूदनगढ तक जाना पड़ा. क्रेन से कंटेनर को उठाने का प्रयास किया जा रहा था.

### पति को 5 साल का सश्रम कारावास, अर्थ दंड

**अशोकनगर।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अदालत ने कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी पति कमल सिंह पुत्र समरू अहिरवार, उम्र 36 साल निवासी माता मंदिर रोड जगदंबा कॉलोनी अशोकनगर को भादंवि धारा 326 के आरोप में दोष सिद्ध पाए जाने पर 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है,अर्थ दंड अदा नहीं करने की दशा में उसे पांच माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जायेगा। अभियोजन की ओर से पैरवी शासकीय जिला लोक अभियोजक भगवती प्रसाद लोधी एडवोकेट द्वारा की गई। अभियोजन के अनुसार मामला 11 अप्रैल 2024 की दोपहर 3 बजे का जिला चिकित्सालय, अशोकनगर के चिकित्सीय अधिकारी डॉ.शुभम चौरसिया द्वारा उपचार हेतु आई आहत मिथलेश बाई की सूचना अस्पताल चौकी अशोकनगर को दी गई। जिस पर पुलिस अस्पताल, अशोकनगर पहुंची और वहां पर मिथलेशबाई ने जिला चिकित्सालय में इस आशय की देहाती नालसी लेख कराई कि दिनांक 11 अप्रैल 2024 को रात्रि करीब 2 बजे वह अपने पति कमलसिंह एवं बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी, तभी उसका पति कमलसिंह उठा और अर्नगल बाते करते हुए मारपीट करने लगा, इसके साथ ही पास में रखी कुल्हाड़ी से उसने हमला दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करें

**सागर.** नगर निगम के साधारण सम्मलेन में मधुकरशाह वार्ड की कांग्रेस पार्षद रिचा सिंह ने कई गंभीर मुद्दे उठाते हुए निगम प्रशासन पर सवाल खड़े किए. पार्षद रिचा सिंह ने कहा कि पिछली परिषद की बैठक में तय हुआ था कि यदि कोई ठेकेदार 15 प्रतिशत से ज्यादा ब्लो पर टेंडर डालता है या करता है तो उसकी विशेषज्ञों द्वारा जांच कराई जाएगी. लेकिन आज तक किसी कार्य की जांच नहीं हुई. पार्षद रिचा सिंह ने साधारण सम्मेलन में निगम ठेकेदार मोनू शुक्ला पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे वार्ड में पार्षद निधि से तीन सड़कों का निर्माण होना था, लेकिन ठेकेदार ने केवल दो ही सड़कें बनाई. तीसरी सड़क आज तक अधूरी है, जबकि मेरे द्वारा लिखित शिकायत देने के बावजूद निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की है. पार्षद ने ठेकेदार और संबंधित इंजीनियर पर तत्काल कार्रवाई कर ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग साधारण सम्मेलन में रखी. पार्षद ने कहा कि शहर में आवारा मवेशियों एवं स्ट्रीट डॉग का आतंक इतना बढ़ गया है कि बच्चे स्कूल जाने से डरते हैं और महिलाएं घर से निकलने में असुरक्षित महसूस करती हैं.

### चोर से एलईडी टीवी किया बरामद

**इटारसी।** इटारसी पुलिस ने एक बड़ी चोरी को बेहद कम समय में ट्रेस करते हुए चोरी गई एलईडी टीवी को बरामद कर लिया। खास बात यह रही कि पुलिस ने चोरी का माल व्यापारी को वापस तब सौंपा, जब उसे खुद चोरी होने की भनक तक नहीं लगी थी। जानकारी के अनुसार, सिंधी कॉलोनी निवासी व्यापारी विनोद कुमार राचंदानी के घर से आज सुबह एक 55 इंच की एलईडी टीवी चोरी हो गई थी। इस चोरी की जानकारी पुलिस को लगी और उसने अपनी सूझबूझ और तत्परता से कुछ ही मिनटों में चोरी गए माल की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सटीक पड़ताल के कारण, टीवी चोरी होने के कुछ देर बाद ही उसे सफलतापूर्वक बरामद कर लिया गया। पुलिस टीम जब बरामद हुई एलइडी टीवी लेकर व्यापारी विनोद कुमार राचंदानी के घर पहुंची, तब उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके घर से चोरी हो गई है। श्री राचंदानी ने बताया कि बरामद हुई एलइडी टीवी की कीमत 72,500 है।

**खेती किसानी ▸ मंडी में सोयाबीन लेकर पहुंच रहे हैं बड़ी संख्या में किसान, 1 नवंबर से होगी भावांतर योजना में सोयाबीन की खरीदी**

# 1 माह बाद शुरू होगी भावांतर योजना, पैसों की जरुरत अभी

**भावांतर योजना से पूर्व फसल बेच चुके होंगे हजारों किसान**

**खाद-बीज, त्यौहार के चलते पैसों की जरुरत अभी**



**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 29 सितम्बर.** सरकार द्वारा किसानों को सोयाबीन फसल में भावांतर योजना का लाभ देने की घोषणा की है किंतु इसका लाभ 1 नवंबर से दिए जाने के कारण हजारों किसान इस योजना का लाभ नहीं ले पाएंगे. क्योंकि खाद-बीज, त्यौहारों के चलते अभी पैसों की जरुरत है और किसान मंडी में सोयाबीन बेचने पहुंच रहे है ऐसे में भावांतर लागू होने के पूर्व ही हजारों किसान अपनी फसल बेच चुके होंगे.

विदित है कि प्रदेश सरकार द्वारा सोयाबीन फसल को भावांतर योजना का लाभ देने की घोषणा की है. इसके लिए 1 नवंबर से 15 जनवरी 2026 तक सरकार द्वारा भावांतर योजना का लाभ किसानों को दिया जाएगा. इसके लिए 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक पंजीयन होंगे. ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन होंगे.

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष राम जगदीश दांगी, ग्राम झरखेड़ा निवासी पूनमचंद वर्मा, कालीपीठ क्षेत्र के ग्राम कालीतलाई निवासी विष्णुजी, ग्राम माल्याहेड़ी निवासी पप्पूजी, केशर सिंह, भगवान सिंह पटेल, छगन सिंह, प्रेम नारायण दांगी, रामकिशन दांगी, कैलाश नारायण, कमल सिंह बना, सोमनाथ, राजेश दांगी, भारत सिंह, पर्वत सिंह, राधेश्याम लववंशी, मांगीलाल गोस्वामी, डा. बापूलाल लववंशी रामपुरिया सहित किसानों का कहना है कि भावांतर योजना में 1 नवंबर से खरीदी की जाएगी जब तक अधिकांश कृषकगण अपनी सोयाबीन मंडी में बेच चुके होंगे जिसके चलते वह भावांतर योजना के लाभ से वंचित रह जाएंगे. भावांतर योजना में खरीदी जल्द से जल्द की जाये ताकि इसका अधिकाधिक लाभ किसानों को मिल सके.

## सोयाबीन की आवक बढ़ी

स्थानीय कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की आवक एकाएक बड़ गई है. शनिवार को 4413 क्विंटल सोयाबीन की आवक रही. इसके पूर्व 24 सितम्बर को 2019, 18 सितम्बर को 945 एवं 17 सितम्बर को 884 क्विंटल ही सोयाबीन की आवक रही थी.

## मूल्य के अंतर की भरपाई करेगी सरकार

भावांतर योजना के तहत सरकार द्वारा सोयाबीन के एमएसपी से कम मूल्य में सोयाबीन की बिक्री पर नुकसान की भरपाई की जाएगी. शासन द्वारा भावांतर योजना के तहत सोयाबीन का एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है. इस तरह मंडी में बेची फसल के मूल्य एवं भावांतर के निर्धारित मूल्य के बीच अंतर की राशि किसानों के खाते में 15 दिन के भीतर पहुंचाने की बात कही गई है. इस योजना का लाभ लेने के लिए ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा.